REPRESENTATIVE FOR CHILDREN AND YOUTH

बाल तथा युवा प्रतिनिधि

# मूल निवासियों, मेटी तथा इन्युअट संबंधी तथ्य पत्र

## लक्ष्य

B.C. (ब्रिटिश कोलंबिया) में मूल निवासियों, मेटी, इन्युअट और शहरी मूल निवासी भागीदारों के साथ संबंध बनाना और उन्हें बढ़ाना और मूल निवासियों के बच्चों, युवाओं, युवा वयस्कों और परिवारों के लिए समर्थन करना। ऐसी सेवाओं और समर्थन को बढ़ावा देना, जो मूल निवासियों, मेटी, इन्युअट और शहरी मूल निवासियों के युवाओं और उनके परिवारों और समुदायों के जीवन में बाल-कल्याण प्रणाली की बहुत अधिक भागीदारी को सुलझाए तथा कम करे।

## अंतर्निहित अधिकार

मूल निवासियों, मेटी, इन्युअट बच्चों को उनके परिवारों, विस्तृत परिवारों, रिश्तेदारों और समुदायों में समर्थन प्राप्त करने का अंतर्निहित अधिकार है। इन अधिकारों में सांस्कृतिक पहचान हेतु एक विशेष सामूहिक अधिकार और अपने पैतृक इलाकों सहित पुरातन काल से मौजूद पवित्र संबंधों द्वारा उसी पहचान को बनाए रखना शामिल है।

**सम्मान:** मूल निवासियों, मेटी और इन्युअट मूल्यों और परंपराओं का आदर करें और पितरों के उपदेशों पर चलें

**रिश्ते**

**ज़िम्मेदारी:** मूल निवासियों, मेटी और इन्युअट लोगों और हमारे आदेश के प्रति उत्तरदायी, भरोसेमंद और जवाबदेह बनें

**प्रासंगिकता:** वह कार्य करना, जिसकी मूल निवासियों, मेटी और इन्युअट की मुख्य हस्तियों, समुदायों और सेवा प्रदाताओं के लिए महत्व और उपयोगिता है

**सुधारना:** मूल निवासियों, मेटी और इन्युअट लोगों की सच्चाई को सक्रियता से सुनना और अपनी उन ग़लतियों को व्यवहारिक रूप ठीक करना, जो ग़लतियां हमने काम से जुड़े अपने रिश्तों में की हैं

**आपसी कर्तव्य:** मूल निवासियों, मेटी और इन्युअट लोगों के ज्ञान, दक्षता और साझाकरण को स्वीकार करें और सम्मान करें और अपने समुदायों में सेवा करने की कोशिश करें

**रिश्तों में काम करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत***

## B.C. में मूल निवासी बच्चे की भलाई का संदर्भ

- कई फ़ैडरल और प्रांतीय नीतियों ने मूल निवासियों, मेटी, इन्युअट बच्चों, युवाओं और परिवारों को अत्याधिक नुकसान पहुंचाया है, इसमें रिहायशी स्कूलों में सांस्कृतिक नरसंहार शामिल है, जिसने सिक्सटी स्कूप (अधिकतर मामलों में 1951 तथा 1991 के बीच की अवधि में बाल कल्याण प्रणाली के नाम पर मूल निवासियों की सहमति के बिना उनके बच्चों को बड़े पैमाने पर हटाया गया था) और जारी बाल कल्याण संकट में योगदान शामिल है।
- B.C. के बच्चों और युवाओं में मूल निवासियों, मेटी, इन्युअट बच्चे और युवा लगभग 8% हैं, जबकि सरकारी देखभाल के अंतर्गत लगभग 66% बच्चे हैं।
- पूरे B.C. में नियुक्त की गई मूल निवासियों की 24 एजेंसियां मूल निवासियों, मेटी, इन्युअट बच्चों, युवाओं और परिवारों को सेवाएं देती हैं।
- B.C. के आसपास के देश बाल कल्याण क्षेत्राधिकार को फिर से शुरु करने के लिए सक्रिय रूप से कोशिश कर रहे हैं, जिसे फ़ैडरल *कानून का सम्मान करते* हुए बाल तथा परिवार विकास मंत्रालय के साथ हुए समझौतों द्वारा *मूल निवासियों, इन्युअट और मेटी बच्चों, युवाओं और परिवारों* के लिए कार्य करने द्वारा सक्षम किया गया हैं।

## टीम

- *मूल निवासियों के कानून के अधिकारों संबंधी घोषणा, मूल निवासियों के अधिकारों संबंधी संयुक्त राष्ट्र घोषणा* और कार्रवाई तथा न्याय के आह्वान को बहाल रखने हेतु RCY की प्रतिबद्धता का समर्थन करती है।**
- मूल निवासियों के बच्चों की भलाई के मौजूदा परिदृश्य में ताकत और चुनौतियों को उजागर करने हेतु खोज संबंधी कार्यक्रम आयोजित करती है और प्रणाली की निगरानी करती है।
- मूल निवासियों, मेटी, इन्युअट और शहरी मूल निवासियों के तरीके लागू करती है और खोज संबंधी दृष्टिकोण का पता लगाने और पूरे RCY में इसे लागू करने को बढ़ावा देती है।
- बाल अधिकारों संबंधी मूल निवासियों, मेटी, इन्युअट और शहरी मूल निवासियों के बच्चों, युवाओं, युवा वयस्कों और परिवारों के साथ समर्थन और सहयोग करती है।
- कार्रवाई के लिए आह्वान और न्याय तथा मूल निवासियों से संबंधित रिपोर्टों के लिए सरकार की जवावदेही को प्रोत्साहित करती है।**

* मूल निवासियों की उच्च शिक्षा और अनुसंधान के 4Rs से रुपान्तरित (किर्कनैस और बार्नहार्ट, 2001; रैस्टूल, 2008).

** सत्य और समाधान आयोग ने कार्रवाई का आह्वान किया तथा लापता और मूल निवासी औरतों और लड़कियों की हत्याओं के लिए न्याय हेतु राष्ट्रीय जांच की मांग की है।

मुख्य कार्यालय
Suite 400, 1019 Wharf Street
Victoria, B.C.
V8W 2Y9
मुख्य कार्यालय: 250-356-6710

टॉल-फ्री: 1-800-476-3933
टेक्स्ट: 1-778-404-7161
फ़ैक्स: 250-356-0837
ई-मेल: rcy@rcybc.ca
वेबसाइट: www.rcybc.ca

rcybc
rcybcyouth
@rcybc
@rcybcyouth
rcybcyouth

पृष्ठभूमि कला, जॉर्डन विलियम्स द्वारा
First Nations, Métis and Inuit Relations Fact Sheet [Hindi]